# सरेआम हो रहा रेत का अवैध परिवहन

## खनिज विभाग व पुलिस बेखबर, नाकेबंदी नहीं हो रही

शहर के अंदर से सरेआम रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है लेकिन प्रशासन व पुलिस अधिकारी इस तरफ से मुंह फेरे हुए हैं, जबकि बस्तीवासियों ने इसकी शिकायत भी की थी और जन सुरक्षा की मांग भी की थी।



शहडोल।

रेत का अवैध कारोबार बदस्तूर जारी है, गत दिवस ही सोहागपुर पुलिस ने एक ग्रामीण क्षेत्र से अवैध रेत से लदा ट्रैक्टर पकड़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो यदा कदा धरपकड़ होती भी है, लेकिन संभाग मुख्यालय शहडोल नगर के अंदर हो रहे अवैध परिवहन खनिज विभाग व पुलिस को दिखाई नहीं पड़ता, यहां दिया तले अंधेरा वाली कहावत चरितार्थ होती है। घरौला मुहल्ला की मुख्य सड़क रेत परिवहन के लिए प्रयोग की जा रही है। रेत से लदे मिनी ट्रक हरिजन अम्बेडकर बस्ती से होकर पंजाबी गुरुद्वारे के सामने से निकलकर कमिश्नर बंगले के बगल से झूला पुल या पुलिस लाइन की ओर जाते हैं। यह सिलसिला निरंतर वर्षों से बना हुआ है। इस संबंध में प्रशासन का ध्यान निरंतर आकृष्ट कराया गया है लेकिन कभी भी ठोस कार्रवाई नहीं की गई। झूला पुल में तो कभी कभी रेत से लदे वाहन खड़े भी रहते हैं।

### माफिया की लाभदायी सड़क

पुलिस शायद मिनी ट्रकों को भारी वाहन नहीं मानती, अन्यथा शहर के अंदर इतनी घनी बस्ती से होकर सुबह से लेकर शाम तक सैकड़ों वाहन रेत लेकर नहीं दौड़ते। इन घनी बस्तियों में कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है। बस्तीवासियों ने एक दो बार पुलिस व प्रशासन से शिकायत कर अफसरों का ध्यान आकृष्ट कराया था लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। हैरानी की बात यह है कि जिस जगह प्रशासन के मुखिया कमिश्नर निवास करते हैं वहीं से अवैध परिवहन हो रहा है। ग्रामीण अंचलों से रेत उत्खनन करने के बाद माफिया के वाहन इसी मार्ग का उपयोग करते हैं जो कि सर्वाधिक सुरक्षित और लाभदायी है। यहां पुलिस की नजर नहीं पड़ती है। यही वजह है कि वर्षों से बस्ती की सड़कें रौंदी जा रहीं हैं।

### नाकेबंदी की हो चुकी मांग

रेत के वाहनों की आपाधापी रोकने के लिए बस्ती वासियों ने प्रशासन से नाकेबंदी करने की भी मांग की थी। अगर पुलिस डेवलपमेंट एरिया साईं मंदिर के समीप या कमिश्नर बंगले के समीप नाकेबंदी की जाए और वाहनों की धरपकड़ की जाए तो अवैध रेत से लदे दर्जनों वाहन पकड़े जा सकते हैं। बताते हैं कि रेत के कई कारोबारियों ने पुलिस और खनिज विभाग को इस बात के लिए राजी कर लिया है कि इस सड़क की ओर कोई न देखे। सबको उनका कमीशन मिल रहा है और घरोला मुहल्ला की सड़क रौंदी जा रही है और बस्ती की सुरक्षा खतरे में पड़ी हुई है।

### झूला पुल से वाहनों की आवाजाही

रेत से लदे मिनी ट्रक दिन भर झूला पुल से होकर आ जा रहे हैं। इनकी ताबड़तोड़ आवाजाही से पुल की हालत दिनोदिन खस्ता होती जा रही है। ज्ञातव्य है कि यह पुल केवल पैदल, बाइक व कार वाहन आदि के लिए बनाया गया था और भारी वाहनों की आवाजाही यहां से प्रतिबंधित की गई थी लेकिन प्रशासन की उपेक्षा के कारण स्थिति यह हो गई है कि सबसे अधिक इस पुल से भारी वाहन ही गुजरते हैं। पुल से जब भारी वाहन गुजरते हैं तो पुल में कंपन सा होता है जो उसकी जर्जरता का संकेत देता है। किसी भी दिन यह पुल धराशायी हो जाएगा और शहर के अंदर एक बड़ी घटना हो सकती है। इस संबंध में जिला प्रशासन व नगरपालिका को कड़ाई से कदम उठाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित बोलेरो पलटी



**उमरिया।** कोतवाली थाना अंतर्गत हवाई पट्टी के पास चंदिया से उमरिया की ओर आ रही अनियंत्रित बोलेरो पलटने की खबर है, इस घटना में वाहन में बैठे विपिन राज द्विवेदी चोटिल बताए जा रहे है। इनके अलावा वाहन चालक सुनील सोनी, विक्की नामदेव, सचिन सोनी, राजकिरण केवट को भी आंशिक चोटें आने की खबर है। बताया जाता है कि बोलेरो में सवार राजकिरण केवट को शहडोल जाना था ,उनकी ट्रेन उमरिया से थी, जिस वजह से सभी साथी उन्हें उमरिया छोड़ने आ रहे थे, इसी बीच हादसे का शिकार हो गए। घटना को लेकर बताया जाता है कि हाइवे मार्ग पर अचानक जंगली सुअर आ गया था, वाहन चालक ने जंगली सुअर को बचाने का प्रयास किया, इसी बीच वाहन अनियंत्रित हुआ और हादसे का शिकार हुआ है। घटना के बाद सभी घायलों को 108 की मदद से जिला अस्पताल लाया गया है, जहाँ सभी इलाजरत है।

### बाइक की भिडंत से 3 घायल



**उमरिया।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम मझमानी खुर्द में दो बाइक की आपसी भिड़ंत हुई है, इस घटना में तीन लोग घायल हुए, जिन्हें 108 की मदद से जिला अस्पताल लाया जा रहा है। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह करीब 10 बजे स्थानीय बुआर दास पिता पतयया रैदास उम्र 50 वर्ष एवं भरारी बैगा उम्र 45 वर्ष दोनो बाइक क्रम एमपी 54 एमबी 4854 से घर जा रहे थे, इसी बीच तिराहे के पास विपरीत दिशा से शिवकुमार पिता देवीदीन बैगा उम्र 45 वर्ष अपनी बाईक से आ गया। इसी दौरान दोनो बाइक की भिड़ंत हुई है, इस हादसे में तीनो घायल हुए हैं, सभी घायलों को 108 की मदद से जिला अस्पताल लाया गया।

### वॉल पेंटिंग तथा वर्किंग मॉडल इन केमिस्ट्री विधाओं की हुई प्रतियोगिता



**शहडोल।** पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय के नवलपुर परिसर में 29 जनवरी को कौशल विकास विभाग की संयोजक डॉ. ममता प्रजापति ने वॉल पेंटिंग तथा वर्किंग मॉडल इन केमिस्ट्री विधाओं की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। जिसमें विद्यार्थियों ने सुंदर कलाकृतियां दीवारों में उकेरीं। वर्किंग मॉडल के अंतर्गत विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के मॉडलों का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की हौसला अफजाई के लिए कुलपति एवं कुलसचिव, प्रोफेसर मनीषा तिवारी, रसायन शास्त्र के प्राध्यापक प्रो. एम. के भटनागर, डॉ. ममता प्रजापति, अतिथि विद्वान लक्ष्मी सिंह, प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। वर्किंग मॉडल का निर्माण विद्यार्थियों ने डॉ. ममता प्रजापति एवं लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में पूरा किया।

### मानपुर में श्रीमद् भागवत कथा का श्रद्धालु उठा रहे लाभ

**मानपुर।** नगर परिषद अंतर्गत काली माता मंदिर स्थित पुरानी बाजार में नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर आयोजित संगीतमय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 22 जनवरी से शुरू होकर 30 जनवरी तक होना सुनिश्चित हुआ है, जिसमें समस्त धर्म अनुरागी भक्तगणों माता-बहनों भागवत कथा का लाभ उठा रहे हैं। काली माता मंदिर परिसर पुरानी बाजार में नौ दिवसीय श्री राम कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन जिसमें व्यास के रूप में परम पूज्य श्रीजी पयासी श्री अयोध्या जी के मुखारविंद से एवं परम पूज्य आचार्य श्री धर्मेन्द्र जी महाराज अयोध्या जी के मुखारविंद से बह रही।

# सीनियर हॉस्टल में नहीं चलता अधीक्षक का अनुशासन

## रात को हॉस्टल से निकलते हैं बच्चे, हो सकती है अप्रिय घटना

शहडोल।

ट्रायबल विभाग अंतर्गत संचालित छात्रावासों का अनुशासन जहां छिन्न भिन्न हो चुका है वहीं भ्रष्टाचार भी चरम सीमा पर पहुंच रहा है। अधीक्षक व अधीक्षिकाएं 10-10 वर्षों से एक ही छात्रावास में जमे हुए हैं और शासकीय बजट का जमकर दुरुपयोग कर रहे हैं। वे विभाग के अधिकारियों से अपने समीकरण बैठाकर अपनी गर्दन मोटी कर रहे हैं। बच्चों की खातिर शासन द्वारा भारी बजट आवंटित किए जाने के बावजूद उन्हे पर्याप्त सुविधाएं प्राप्त नहीं हो पा रहीं हैं। मीनू के अनुसार न तो भोजन मिलता है और न बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। ट्रायबल द्वारा जिले में लगभग 100 की संख्या में आश्रम व छात्रावास संचालित हैं और अधिकांश की यही दुर्दशा है। सीनियर अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति बालक छात्रावास शहडोल के बच्चे अधीक्षक के कड़े अनुशासन के अभाव में नियंत्रण के बाहर होते जा रहे हैं।



### सड़क पर धूम्रपान करते हैं बच्चे

बताते हैं कि स्टेडियम के समीप स्थित इस हॉस्टल के बच्चे रात को अपने कमरें से बाहर निकल कर सड़क पर घूमते हैं और बीड़ी सिगरेट पीते हैं। जबकि रात को 9 बजे हॉस्टल का गेट बंद हो जाने के बाद बच्चों का निकलना प्रतिबंधित हो जाता है। सड़क पर आवारा घूमना और धूम्रपान करना हॉस्टल के अनुशासन के विरुद्ध है। इसके अलावा बच्चों के साथ रात को कोई भी घटना हो सकती है। यह बच्चों की सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़ा करता है। ज्ञातव्य है कि अधीक्षक रात के समय हॉस्टल का औचक निरीक्षण नहीं करते हैं। जबकि वे हॉस्टल परिसर में ही निवास करते हैं।

### मीनू का नहीं होता पालन

हॉस्टल की रसोई में मीनू का पालन नहीं होता है, अधीक्षक अपने मनमुताबिक रसोई का संचालन करा रहे हैं। बच्चों को ताजी हरी सब्जी कभी नहीं दी जाती है।

अधिकांशतः हॉस्टल में चावल, दाल और रोटी सब्जी दी जाती है। जबकि सप्ताह के अलग अलग दिनों में अलग अलग स्वाद के स्वास्थ्यवर्धक भोजन बनाकर परोसा जाना चाहिए। बच्चों को कोटे का घटिया चावल लाकर खिलाया जाता है। शासन ने बच्चों के लिए दूध और फल प्रदान करने का भी प्रावधान किया है। जो कि कभी नहीं दिया जाता है। रसोई के आसपास गंदगी की भरमार रहती है।

### स्वास्थ्य परीक्षण नही होता

बच्चों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना चाहिए। ताकि बच्चों की बीमारी का समय रहते पता चल सके और समय से उनका इलाज हो सके। लेकिन इस हॉस्टल में वर्षों से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण नहीं कराया जा रहा है। बताया जाता है कि जब कोई बच्चा बीमार होता है और उसकी बीमारी का पता अधीक्षक को चलता है तो उस बच्चे को अस्पताल ले जाया जाता है, कई बार ऐसा भी होता है जब बच्चे बीमार होकर अपने बिस्तर पर पड़े रहते हैं लेकिन अधीक्षक को जानकारी नहीं रहती है। कुछ बच्चों ने बताया कि अधीक्षक कहते हैं कि बच्चे बड़े बड़े हैं वे अपनी देखभाल खुद कर सकते हैं।

### अधीक्षकों का बिचौलिया बना अंसारी

ट्रायबल आफिस में अंसारी नामक एक ब्लाक समन्वयक को जिला समन्वयक बनाकर बैठा रखा गया है। इसकी ड्यूटी यह है कि सभी हॉस्टलों की नियमित जांच कर एसी ट्रायबल को रिपोर्ट दे। लेकिन इस कर्मचारी की अपनी एक स्टाइल है। यह वास्तव में अधीक्षकों और एसी के बीच में बिचौलिए का काम करता है। यह हॉस्टलों में यदा कदा जांच के नाम पर आता है और अधीक्षकों से निर्धारित रकम वसूल कर ले जाता है और एसी के साथ रकम की बंदरबांट कर लेता है। अंसारी के इशारे पर एसी नाचते रहते हैं। अधीक्षक मानते हैं कि अंसारी खुश तो अफसर खुश हैं। अंसारी की ही मेहरबानी से अधीक्षक 10-10 सालों से एक ही हॉस्टल में बने हुए हैं।




# भारतीय समाचारपत्र दिवस पर विश्वविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

शहडोल।

पंडित एस.एन. शुक्ला विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में 29 जनवरी को भारतीय समाचारपत्र दिवस के उपलक्ष्य पर समस्त विभागीय स्टाफ एवम छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में भारत में समाचार पत्रों की शुरुआत तथा भारतीय इतिहास में समाचार पत्रों की उपयोगिता एवं महत्व के संबंध में व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि एवं परिसर प्रभारी प्रो. करुणेश झा के स्वागत से हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार प्रकट करते हुए प्रो. करुणेश झा ने छात्रों के जीवन में समाचार पत्रों के महत्व को बतलाया, साथ ही उन्होंने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में समाचार पत्र किसी छात्र के लिए कितना उपयोगी हो सकता है।

विभागाध्यक्ष डॉ.एम.एस. खान ने अपने उद्बोधन में भारतीय इतिहास में समाचार पत्रों की उपयोगिता तथा ऐतिहासिक स्रोत के रूप में समाचार पत्रों के महत्व को छात्र-छात्राओं के समक्ष उजागर किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. नीलेश शर्मा ने भारत में समाचार पत्रों के प्रारंभिक इतिहास पर प्रकाश डाला, साथ ही स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जनता में जागृति लाने के लिए समाचार पत्रों के योगदान को भी छात्रों के समक्ष स्पष्ट किया। अतिथि विद्वान डॉ. अनुभव पांडे ने भारतीय इतिहास लेखन में समाचार पत्रों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष प्रो.एम.एस. खान ने अतिथियों एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं के प्रति आभार प्रकट किया।

# बाघिन ने किया दो महिलाओं पर हमला, एक की मौत

मानपुर।

विधानसभा मुख्यालय स्थित विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा कोर क्षेत्र में ग्राम चंसुरा (इंदवार) से लगे जंगल में रेंजर द्वारा शनिवार की सुबह करीब 11 बजे के आस पास चोरी चुपके जेसीबी मशीन के माध्यम से सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा था, मिली जानकारी अनुसार जहां भारी भरकम मशीन चल रही थी उसी से चांद कदम की दूरी पर बाघिन अपने नन्हे शावकों के साथ मौजूद थी, जो जेसीबी मशीन की आवाज से भयभीत थी, उसी दरमियान जंगल में कुछ महिलाएं लकड़ी बीनने पहुंच गईं और उन्हीं महिलाओं में से एक महिला भूरी कोल लकड़ी इक_ा करते-करते नन्हे शावकों के साथ भयभीत झाड़ियों में छुपी बैठी बाघिन के पास जा पहुंची, जिससे बाघिन ने पहले जोरदार दहाड़ मारी फिर उक्त महिला को अपने चंगुल में दबोच लिया, वहीं बाघिन की दहाड़ सुन मौके से अन्य महिलाओं ने भागना उचित समझा और कुछ दूर भागे फिर देखा कि उनके ग्रुप की एक महिला भूरी बाई नही है, जिसे अपने स्तर पर दूर से ही जोर-जोर से हल्ला गोहर कर नाम लेकर पुकारा गया, लेकिन उसकी आवाज कहीं भी सुनाई नही दी, तब उन्हें अनहोनी की आशंका हुई और पास में ही जंगल के अंदर सड़क बना रही जेसीबी मशीन के पास मौजूद वनकर्मियों को घटना की जानकारी दी गई। तत्पश्चात सभी ने काम बंद कर उक्त महिला को तलाशने मौके पर पहुंचे और देखा की झाड़ियों के पास मृत अवस्था में महिला पड़ी हुई है, उसी समय पीछे से बाघिन ने दूसरी महिला के ऊपर हमला कर दिया।



बाघिन द्वारा मौत के घाट उतार चुकी मृत महिला भूरी पति मेजाजी कोल उम्र 50 वर्ष को तलाशने वन कर्मी के साथ जब अन्य लोगो ने घटना स्थल पर पहुंचे तो बाघिन ने उनके ग्रुप की एक और महिला के ऊपर भी पीछे से हमला कर दिया, बाघिन के द्वारा दूसरी महिला के ऊपर जानलेवा हमला करते देख अन्य सभी लोग मौके से भागना शुरू किए, लेकिन साहसी वनकर्मी ने सूझबूझ से काम लिया और हाथ में धरे टांगी की धार को बाघिन के तरफ निशाना साध दिया, वनकर्मी के टांगी की धार से बाघिन डर गई ओर घायल महिला को छोड़ दिया और जैसे ही महिला बाघिन के चंगुल से आजाद हुई वह उठ खड़ी हुई और वनकर्मी के पीछे जाकर खड़ी हो गई और मौके की नजाकत को समझते हुए धीरे-धीरे हल्ला गोहर करते हुए पीछे हटते गए, वहीं जेसीबी मशीन की आवाज व हो चुकी घटना से भयभीत बाघिन भी अपने शावकों के पास जाकर झाड़ियों में छुप गई, जिसके बाद घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई जो मौके पर पहुंचे और महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम कराया गया। साथ ही घायल महिला तेरसिया बाई कोल उम्र 35 वर्ष एवं उसके परिजनों को समुचित इलाज हेतु मानपुर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया गया, जिसके गर्दन समेत पीठ में गहरे चोट के निशान पाए गए ,जिसे डाक्टरों की टीम ने खतरे से बाहर बताया है।

मानपुर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में इलाजरत घायल व उनके परिजनों से मुलाकात कर चर्चा किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि एक तो हम लोगों के ऊपर बाघ ने हमला कर घायल कर दिया, जिससे हम व हमारे परिजन परेशान है गए और हम लोग सुबह से कुछ खाए पिए नही है।

# विद्यार्थियों को वितरित किये गये गर्म कपड़े

शहडोल।



जिले के गोहपारु ब्लॉक के ग्राम सोनटोला, हर्रहा टोला तथा बरेली ग्रामो के जरूरतमंद 300 ग्रामीण विद्यार्थियों को प्रति विद्यार्थी को स्वेटर, टोपा जूता, मोजा वितरण का कार्यक्रम किया गया। उक्त कार्यक्रम को जिले प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग और मार्गदर्शन से आयोजित किया गया। कार्यक्रम को अपनी उपस्थिति के साथ अमर सिंह उईके (ट्राईबल कमिश्नर सिवनी), सतीश कश्यप (आबकारी अधिकारी शहडोल), सुमन लता मरावी (सेल टैक्स कमिश्नर शहडोल), मृत्युंजय सिंह (आबकारी निरीक्षक) संपत्तियां मरावी (आबकारी निरीक्षक), रजनीश त्रिपाठी (आबकारी निरीक्षक), विजय सिंह (एस डीओ आर ई एस), गजेंद्र सिंह (एस डी ओ विद्युत मंडल), बादशाह रावत (एसडीओ फॉरेस्ट), मनोज सिंह (टेजरी ऑफिसर शहडोल) मनोज लाडोकर (महिला बाल विकास अधिकारी) एडवोकेट हंसराज सिंह, शकुंतला धुर्वे (इंजी.आर ई एस),रणदमन सिंह (फॉरेस्ट विभाग) ने कार्यक्रम को सृजनात्मक स्वरुप प्रदान किया।

उक्त कार्यक्रम में सहयोगी दल के रूप में शासकीय कर्मचारी ओमप्रकाश तिवारी, संजय नामदेव तथा बलराम ताम्रकार, धर्मेंद्र कोल ने अपनी भूमिका प्रदान कर सफल बनाया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक गण, ग्रामीण जन उपस्थित रहे। ग्रामीण जन प्रतियोगियों ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सभी सहयोगियों और उपस्थित जन समुदायों का जिला पंचायत सदस्य अमरवती सिंह उइके ने आभार प्रदर्शित किया। ग्रामीण क्षेत्रो से बेहतर संपर्क और जरूरतमंद विद्यार्थियों तक पहुंचने में ग्राम सोनटोला निवासी राम प्रसाद सिंह, ग्राम हर्रहा के विजेंद्र बैगा ने सहयोग किया। संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा और सहयोग युवा जन सेवा समिति तेवरी जिला कटनी तथा कुनुक फाउंडेशन ऑफ़ वेलफेयर सोसाइटी के कार्यकर्ताओं के संरक्षण में संपन्न किया गया।

# विश्वविद्यालय में वाटिका मंडलम कार्यक्रम में हुआ वृक्षारोपण



**शहडोल।** पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय के नवलपुर परिसर में 29 जनवरी को वाटिका मंडलम की गतिविधियों का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर रामशंकर तथा कुलसचिव प्रोफेसर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ। प्रारंभिक विधा के अंतर्गत रसायन शास्त्र ओपन इलेक्टिव के विद्यार्थियों ने गमला सज्जा एवं पौधारोपण किया। कार्यक्रम का मंडलम क्लब की प्रभारी प्रोफेसर मनीष तिवारी के नेतृत्व में वाटिका क्लब की संयोजक डॉ. ममता प्रजापति एवं धानी जामोद ने किया। कार्यक्रम में लगभग 103 गमले में सजा के साथ वृक्षारोपण किया गया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने रुचि दिखाई और विश्वविद्यालय में हरियाली परंपरा की स्वस्थ शुरुआत हुई। कार्यक्रम में कुलगुरू ने विद्यार्थियों से पौधों की देखरेख के लिए आवश्यक जानकारियां दीं। कार्यक्रम में प्रो. एम. के. भटनागर, प्रो संगीता मसी, प्रो प्रवीण शर्मा, डॉ वन्दना, डॉ योगिता, डॉ मौसमी, डॉ रचना, लक्ष्मी सिंह एवं कृषि विभाग से राम विकास जायसवाल एवं 450 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



**कोतमा।** विद्युत मंडल कार्यालय परिसर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्युत मंडल कोतमा के सहायक अभियंता राहुल कुमार श्रीवास्तव के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए उत्कृष्ट प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**अनूपपुर।** 27 जनवरी को सत्यनारायन सिंह वरिष्ठ नागरिक के मुख्य अतिथि एवं राजेश्वरी तिवारी के विशिष्ठ अतिथि में स्कूल का वार्षिक उत्सव सम्पन्न हुआ विद्यालय के मुख्य द्वार के बाहर विद्यालयीन कक्षा 10 के छात्रों ने विद्यालय के पूर्ण अनुशासन व्यवस्था को योग्य शिक्षिको के मार्गदर्शन में सम्हाल रखा था। कार्यकम का प्रारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा वाणी की देवी, विद्या की अधिष्ठात्री माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन माल्यार्पण एवं पुष्पअर्पण के साथ प्रारंभ हुआ। विद्यालयीन छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यकम का शुभआरंभ सरस्वती वंदना के नृत्य के साथ आरंभ हुआ। केजी के नन्हे मुन्हे छात्रों ने हिन्दी एवं अंग्रेजी में फंक्शन टेबल (पाव, आधा, पौना, सवा, डेढ़) के पहाड़े सुनाकर दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। मुख्य अतिथि सहित समस्त दर्शको का स्वागत विद्यालय के सचिव बीएन ओझा के भाषण से हुआ। वहीं प्राचार्य एएसएन डोरा ने विद्यालय के गतिविधियों एवं भावी रणनीति की जानकारी दी। सांस्कृतिक कार्यकम के माध्यम से विद्यालय के बच्चों ने स्वच्छता अभियान वर्तमान युआ पीढी द्वारा अपने बुजुर्गों का सम्मान समय के साथ समाज में गिर रही संस्कार सहित आधुनिक समस्त पहलुओं पर अपने अभिनय नृत्य के माध्यम से दर्शकों को संदेश दिये विद्यालय में भारतीय गणना प्रणाली इंटरनेशनल नंबर सिस्टम पर पूरी कक्षा के छात्रों ने पब्लिक के बीच चायलेंज रखा कि बिना ट्यूशन हर बच्चा कितना भी बड़े अंक को सहज दहला कर बता सकता है।

भू-माफिया फसल निकलते ही खेतों में कालाोनियों काट कर बेच रहे हैं। इतना ही नहीं बिना मूलभूत सुविधाओं के भूखंड बेचे जा रहे हैं। जो किसान के नाम डायवर्सन कराकर उसी से कृषि भूमि के नाम पर रजिस्ट्री करा रहे हैं। इससे जहां क्रेता को सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं, वहीं आखं बंद कर कृषि भूमि की प्लाट के रूप में रजिस्ट्री शुल्क वसूलकर पंजीयक शासन के राजस्व की हानि पहुंचा रहे हैं।

नगर पालिका में शामिल होने का सब्जबाग दिखा काट रहे चांदी



# साहब...अवैध प्लाटिंग पर कब लगेगा अंकुश

## राजस्व रिकार्ड में हर दिन बढ़ रहे बटांक, जिम्मेदारों ने साध रखी है चुप्पी

**शहडोल।** जिला मुख्यालय व उसके आस-पास के क्षेत्रों में कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर बिना डायवर्सन के खरीद बिक्री करने का गोरखधंधा बदस्तूर जारी है। अवैध प्लानिंग कर जमीन को ऊंचे दामों में बिक्री करने वाले भू-माफियाओं पर प्रशासनिक शिकंजा नहीं कसे जाने से भू-माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। इस अवैध कारोबार की शिकायतें लगातार होने और मीडिया के माध्यम से प्रशासन के संज्ञान में लाने के बावजूद राजस्व अमला मूकदर्शक बना हुआ है, पंचगांव, वासिन क्षेत्र के पटवारी, आरआई द्वारा भू-माफियाओं से सांठ-गांठ कर चांदी काटी जा रही है, बीते माहों में अवैध प्लाटिंग की सूची जिले के मुखिया के टेबिल पर पहुंची थी, लेकिन कार्यवाही के आभाव में फाईल धूल खा रही है। पंचगांव रोड में रेलवे का कर्मचारी ऑफ रिकार्ड प्लाटिंग करवा रहा है, बीते सप्ताह विचारपुर निवासी शंकर बैगा पिता स्व. धन्नी बैगा उम्र 35 वर्ष ने कोतवाली में शिकायत दी थी कि हम दो भाई हैं, प्रेमचंद बैगा अपने हिस्से की जमीन संजय पासी निवासी ग्राम विचारपुर को तीन-चार दिन पहले बेच दिया था, हालाकि शिकायतकर्ता से समझौता कर मामले का ठण्डा कर दिया गया।

### भू-माफिया के हौसले बुलंद

रेरा कानून का असर जिले में नहीं दिखाई दे रहा है, कठोर प्रावधान होने के बाद भी आप पंजीकृत रियल एस्टेट के प्रोजेक्ट व्यापार व्यवसाय कर रहे हैं और साथ ही ग्राहकों को धोखे में रखकर ऊंचे कीमत पर जमीन बेचकर खुद तो मालामाल हो रहे हैं, कथित संजय पासी नामक भू-माफिया द्वारा कृषि भूमि के टुकड़े कर दर्जनों की संख्या में रजिस्ट्री करवाई जा रही है, सूत्रों की मानें तो इस पूरे कार्य में रजिस्टार कार्यालय के जिम्मेदार भी अपनी जेबें गरम कर रहे हैं। खबर है कि वासिन एवं पंचगांव को नगर पालिका में शामिल होने की बातों का सपना दिखाकर जमीन के भाव बढ़ाकर बाहरी लोगों को ऊंचे दामों पर भू-खण्ड बेचा जा रहा है।

### राजस्व जमा करने से बचने अवैध प्लाटिंग

कॉलोनी की प्लाटिंग करने से पहले कृषि योग्य जमीन को व्यावसायिक या आवासीय योग्य जमीन बनाने के लिए लागत के अनुसार एकमुश्त प्रीमियम राशि और वार्षिक लगान सरकार को देना होता है। खबर है कि भू-माफिया ने जमीन की उपयोगिता बदले बिना ही कृषि योग्य जमीन को प्लाटिंग कर बेचना शुरू कर दिया। कृषि योग्य जमीन को छोटे-छोटे टुकड़ों में भी बेचना अवैध है, इसके साथ ही कॉलोनी की कुल जमीन का 15 प्रतिशत भाग आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को देने के लिए प्रशासन को हैंडओवर किया जाता है।

### सेटिंग से हो रहा खेल

वर्तमान में वासिन क्षेत्र में खसरा नंबर 19 के अलावा आस-पास के भू-खण्ड प्लाटिंग का खेल शुरू हो चुका है, पूर्व में तिवारी बाबा नामक अवैध कालोनी कथित भू-माफिया द्वारा यहां अवैध रूप से बसा दी गई, चर्चा है कि संभागीय मुख्यालय सटे ग्रामीण क्षेत्र में किसानों सस्ते दामों पर जमीन खरीद कर राजस्व सहित रजिस्टार कार्यालय में सेटिंग कर लोगों को सब्जबाग दिखाकर उन्हें कालोनियों का झांसा देकर फंसा रहा है, भू-माफिया कृषि भू-खण्ड को टुकड़ों में काटकर महंगे दाम पर बेच रहा हैं। भू-माफिया इस खेल से गांव के कृषि भू-खण्ड के दाम आसमान छूने लगे है, भू-माफिया के दखलअंदाजी से गांव के सामान्य व बड़े किसान भी एक डिसमिल भू-खण्ड नहीं खरीद पा रहे हैं।

### अवैध प्लाटिंग पर लगे अंकुश

भू-माफिया पंचगांव-वासिन क्षेत्र में कृषि भू-खण्ड पर अवैध रूप से कॉलोनी बनाने के लिए प्लॉटिंग कर बेचना शुरू कर दिया है, शहर से सटे पंचगांव के मुख्य मार्ग से अंदर की ओर अवैध कॉलोनी बसाई जा रही है। सूत्रों की माने तो उक्त रकवे के कई टुकड़े होने के बाद रजिस्ट्री भी हो गई है, मजे की बात तो यह है कि आये दिन इस रोड से अधिकारियों से दौरे होते हैं, संभवतः इस क्षेत्र में हो रही प्लाटिंग अधिकारियों को नजर ही नहीं आती, जागरूक लोगों ने मांग की है कि जिम्मेदार इस क्षेत्र में हो रही अवैध प्लाटिंग मामले में जांच की जाये, जिससे अवैध प्लाटिंग पर अंकुश लग सके।

## प्रधानमंत्री ने देश के छात्रों से परीक्षा से पहले चर्चा की

**उमरिया।** दिल्ली के भारत मंडपम से प्रधानमंत्री के मुख्य आतिथ्य में आयोजित परीक्षा पे चर्चा का कार्यक्रम का उमरिया जिले में भी सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया। प्रधानमंत्री ने देश के छात्रों से परीक्षा से पहले चर्चा की। उन्होंने पीएम से तनाव के कारण, उससे जुड़े विषयों और उसे दूर करने के लिए स्टूडेंट्स, टीचर्स और पेरेंट्स की सहभागिता पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर जिला मुख्या लय के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, कन्या विद्यालय, कालरी विद्यालय सहित अन्य विद्यालयो मे कार्यक्रम को देखने एवं सुनने की व्यवस्था की गई थी। शासकीय सज्जन उत्कृष्ट विद्यालय मे आयोजित कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह गौर सहित स्कूली बच्चे, शिक्षक , शिक्षिकाएं उपस्थित रहे । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टूडेंट्स के सवालों के बहुत ही सहज और सरल तरीके से जवाब दिए। स्टूडेंट्स का मुख्य फोकस





परीक्षा के दौरान होने वाला तनाव था, साथ ही उनकी चिंता थी कि कैसे तनाव दूर करने के लिए सकारात्मक माहौल बनाना चाहिए। पीएम ने इसके लिए टीचर्स को बहुत जरुरी सलाह दी। उन्होंने कुछ सवालों के उत्तर में टीचर्स से कहा कि आपका स्टूडेंट्स के साथ रिश्ता पूरे वर्ष रहेगा तो परीक्षा के समय तनाव नहीं रहेगा, टीचर का काम जॉब करना नहीं जिंदगी बदलना है, स्टूडेंट की जिंदगी की संवारना हैं उसे सामथ्र्यवान बनाना है। उन्होने कहा कि मेरी प्रकृति है कि मैं हर चुनौती को चुनौती देता हूं ,इसके कारण हमेशा कुछ नया सीखने को मिलता है। आज के युग में टेक्नोलाजी के कारण लिखने की आदत कम हो गई है इसलिए आवश्यक है कि छात्र खुद अपनी नोटबुक में कुछ न कुछ लिखे। किसी भी हालत में निर्णायक नही बनें, और एक बार निर्णायक बनने की आदत लग जाती है तो कन्फ्यूजन नही रहता। उन्होने अभिभावको से आग्रह किया कि बच्चो के बीच कभी प्रतिस्पध्द्रा के बीज न बोए। दबाव पर हमें अपने तरीके से जीत हासिल करनी है, इस बात का संकल्प करें ।

## कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में कहा शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें

**उमरिया।** कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान शत-प्रतिशत मतदान करने वाले धूपखडा ग्राम में सभी विभागो व्दारा विभागीय योजनाओं के माध्यम से शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। आपने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे विभागीय योजनाओं के माध्यम से सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें तथा उसकी सूची संबंधित ग्राम पंचायत एवं कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराएं। बैठक में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय एच एस धुर्वे ने बताया कि धूपखडा ग्राम में नल जल योजना से शत प्रतिशत घरों में स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है। इसी



तरह उप संचालक सामाजिक न्याय राजीव गुप्ता ने बताया कि शत प्रतिशत पेंशन योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित कर दिया गया है । अनुविभागीय अधिकारी वन कुलदीप त्रिपाठी ने बताया कि वनधन केंद्र के संचालन का प्रस्ताव भेजा गया है । एसडीएम पाली टीआर नाग ने बताया कि राजस्व शिविर लगाकर राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया है। इसी तरह अन्य विभागों व्दारा विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है । कलेक्टर ने ग्राम कुसमहा में विभिन्न विभागों व्दारा किए गए कार्यो की समीक्षा की । जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि कुसमहा ग्राम में उचित मूल्य दुकान का संचालन कर दिया गया है । जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग व्दारा पहुंच मार्ग का स्टीमेट तैयार किया गया है । इसी तरह मिनी आंगनबाडी केंद्र तथा प्राथमिक स्कूल की बाउण्ड्री वाल का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है । बैठक में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, एसडीएम टी.आर. नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे ।

## तंबाखू नियंत्रण कानून के प्रभावी क्रियान्वयन कः बैठक संपन्न



**उमरिया।** कलेक्टर बुध्देष कुमार वैद्य की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में जिले में तंबाकू नियंत्रण कानून का प्रभावी क्रियान्वयन हेतु बैठक संपन्न हुई। बैठक मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी इला तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. मेहरा, जिला नोडल अधिकारी (तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम) अनिल सिंह, संभागीय समन्वयक रोहित पालीवाल एवं अन्य सभी विभिन्न विभागों अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि भारत सरकार ने तंबाकू के बढ़ते उपयोग को रोकने के लिए 18 मई 2003 को तंबाकू नियंत्रण अधिनियम 2003, सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिशत और व्यापार तथा वाणिज्यिक उत्पादन प्रदाय और वितरण का विनिमय) अधिनियम 2003 पारित किया गया है। बैठक में साझा किये गए अवलोकन अध्ययन के परिणाम के आधार पर कलेक्टर ने घोषणा की, आज से जिले को धूम्रपान मुक्त घोषीत करते हुए धारा 4,5,6 (अ) एवं 7 पूर्णतः लागू की जाती है। उन्होंने आगे कहा की जो सकरात्मंक परिणाम आये है, उनकी निरंतरता बनाये रखने लिए सभी विभागों को सभी आवश्यक प्रयास किये जाने की आवश्यकता है।

## नगर में बन रही गुणवत्ता विहीन सड़क, मजबूती पर उठ रहे सवाल



**बिजुरी।** बिजुरी नगर में बन रही गुणवत्ता विहीन सड़क के कारण नगर वासियों मे ठेकेदार के प्रति काफी आक्रोश देखा जा रहा है। नगर की सड़कों पर कोयले से लदे बड़े -बड़े वाहन जो दिन रात दौड़ते हैं जिनकी क्षमता के अनुसार सड़कों का मजबूती के साथ निर्माण कार्य न किए जाने से सड़कों के मजबूती पर सवाल खड़े किए जाने लगे हैं। कुछ दिन पहले इसी ठेकेदार द्वारा बिजुरी नगर के वार्ड क्रमांक 3 में माइनस से सिगुड़ी की ओर जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था जो बनते ही कुछ दिनों में ही जगह-जगह से उखड़ने लगी है वहीं नगर के मध्य बाजार में भी गुणवत्ता विहीन सड़क का निर्माण कराए जाने पर लोगों द्वारा आपत्ति करने से कार्य को रुकवा दिया गया है, अब इसी ठेकेदार द्वारा कपिलधारा से दलदल तक का रोड का निर्माण कराया जा रहा है जिसके गुणवत्ता पर लोगों द्वारा सवाल खड़े किए जा रहे हैं। एसईसीएल द्वारा बनवाए जा रहे इस सड़क पर अगर सही तरीके से जांच कराई जाए तो निर्माण से संबंधित भ्रष्टाचार की कई परतें सामने आ सकती है। गुणवत्ता विहीन सड़क का निर्माण किए जाने से कुछ दिनों में सड़कों का फिर से वही हाल होने की संभावना दिख रही है। नगरवासियों ने एसईसीएल प्रबंधन से मांग की गई है कि एसईसीएल प्रबंधन नगर में बन रही सड़कों के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए सड़कों का निर्माण कार्य काराये जिससे सड़कों की मजबूती लंबे समय तक कायम रह सके।

**सड़क निर्माण में मानकों की हो रही अनदेखी**

## एडीजी ने कलेक्टर को किया सम्मानित

**शहडोल।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर संभागीय मुख्यालय शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह के दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन (एडीजीपी) दिनेश चंद्र सागर ने कलेक्टर शहडोल श्रीमती वंदना वैद्य को जिला शहडोल द्वारा वर्ष 2023 के दौरान जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति को उत्कृष्ट कोटि की बनाए रखने का सराहनीय कार्य किए जाने पर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है। इस अवसर पर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, डीआईजी सुश्री सविता सोहने, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी।



# प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया सम्मानित

**शिवलहरा धाम मे अनुभूति कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

**कोतमा।** वन परिक्षेत्र कोतमा वन मंडल अनुपपुर अंतर्गत 29 जनवरी को बीट लतार के शिवलहरा धाम मे शासकीय उच्चतर माध्यमिक सरस्वती स्कूल कोतमा के 78 एवं डीवीएम स्कूल के बालक बालिका मिलकर 50 बच्चे विद्यालय कुल 120 छात्र - छात्राओं की उपस्थिति में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 7:30 से सायं 4:30 बजे तक किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे वन मंडलाधिकारी अनूपपुर सुशील कुमार प्रजापति प्रसाद पसान नगर पालिका अध्यक्ष कार्यक्रम में दारसागर चोडी सरपंच उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान वन मंडलाधिकारी अनूपपुर सुशील कुमार प्रजापति ने बच्चों से कहा कि वनों से हमें विभिन्न प्रकार की औषधियां प्राप्त होती हैं, साथ ही वनों में रहने वाले वन्यप्राणियों का संरक्षण, वनों की रक्षा के लिए आवश्यक है। हमें वनों को कटने वन्यप्राणियों के अवैध शिकार को रोकने का प्रयास करना चाहिए। बच्चे भविष्य की पीढ़ी हैं, जिन्हें आने वाले समय में प्रकृति की संरचना बनाए रखना में अहम भूमिका निभानी होगी। श्री प्रजापति द्वारा बच्चों को वन विभाग की संरचना वनरक्षक से लेकर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक तक के पद व उनके पदीय दायित्वों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष पसान के द्वारा बच्चों को वनों के प्रकार, व वन्यप्राणी प्रजातियों के बारे में बारीकी से समझाया गया और अनुभूति कार्यक्रम का मूल उद्देश्य बताकर, बच्चों व उपस्थित स्टाफ, शिक्षकों को पर्यावरण की रक्षा का शपथ भी दिलाया। परिक्षेत्र अधिकारी ए के निगम द्वारा अनुभूति कार्यक्रम को देश के भविष्य बच्चों के लिए काफी प्रेरणादायक बताया और ऐसे



कार्यक्रमों को ज्यादा से ज्यादा आयोजन व अधिक संख्या में बच्चों को शामिल करने को भी कहा। उन्होंने बच्चों को वनों से होने वाले लाभ एवं पानी के संरक्षण संवर्धन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अनुभूति कार्यक्रम के प्रेरक राजू केवट वनपाल, अभिलाष सोनी वनरक्षक ने बच्चों को वन भ्रमण कराते हुए वनों में पाए जाने वाले विभिन्न तरह की पेड़ पौधों, औषधि पेड़ों की जानकारी दी तथा वन सुरक्षा, पानी के संग्रहण के साथ पेड़ों को न काटने व 11 पौधा लगाने व उसके संरक्षण ले लिए शपथ दिलाई। डीवीएम स्कूल के 8 बच्चों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया जिसमें प्रसन्न होकर वन परिक्षेत्र अधिकारी ए के निगम के द्वारा नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीवीएम स्कूल के चार छात्रों के द्वारा महाभारत गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसमें वनरक्षक अभिलाष सोनी के द्वारा नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सरस्वती स्कूल की छात्राओ के द्वारा राम आएंगे गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसमें परिक्षेत्र सहायक जे डी धारवे के द्वारा 500 नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता चम्मच दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अशोक कुमार निगम, वन परिक्षेत्राधिकारी कोतमा, जवाहर दास धारवे परिक्षेत्र सहायक कोतमा, विनोद कुमार मिश्रा परिक्षेत्र सहायक लतार, तुलसीदास नापित परिक्षेत्र सहायक राजनगर, राजू केवट परिक्षेत्र सहायक मलगा (अनुभूति प्रेरक) अभिलाष सोनी बीटगार्ड चपानी (अनुभूति प्रेरक), श्रीमती नंदिनी ओगरे वनपाल, श्रीमती विमला मरावी रमेश प्रसाद वनरक्षक, दादूराम कुशवाहा वनरक्षक, हरीश अहिरवार रामस्वरूप सिंह शंकरदीन द्विवेदी वनरक्षक, बिहारीलाल रजक वनरक्षक, राकेश समुद्रे वनरक्षक, कुशल मानिकपुरी वनरक्षक, मनोज चौधरी, वनरक्षक, आशीष पाण्डेय वनरक्षक, सोमपाल सिंह वनरक्षक, राघवेंद्र तिवारी वनरक्षक, उत्तम सिंह वनरक्षक, आकाश सोनी वनरक्षक, शिवकुमार साहू कुशल मानिकपुरी बृजेश गुप्ता वनरक्षक, सोमवती चंद्रा वनरक्षक, विपिन खरे कम्प्यूटर ऑपरेटर की भूमिका प्रमुख रही।

### लोक सभा आम निर्वाचन 2024 हेतु नवीन एम- 3 माडल की ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी मशीनो की एफएलसी कार्य प्रारंभ

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुध्देश कुमार वैद्य ने बताया कि आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 हेतु नवीन एम- 3 माडल की ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी मशीनो की एफएलसी कार्य प्रारंभ हो गया है । एफएलसी कार्य हेतु विपिन पाण्डेय प्रबंधक ई गर्वनेंस उमरिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है एवं उनके निर्देशन मे नवीन ईव्हीकएम , व्हीव्हीपीएटी गोडाउन कलेक्ट्रेट परिसर उमरिया मे 29 जनवरी से कार्य पूर्ण होने तक तकनीकी कर्मचारियो की ड्युटी तत्काल प्रभाव से लगाई गई है । प्रबंधक ई गर्वनेंस उमरिया अपने निर्देशन मे आयोग को भेजे जाने वाले समस्त प्रकार के आनलाइन आफलाइन प्रपत्र अपनी टीम तैयार कराकर आयोग को भेजना सुनिश्चित करेंगे साथ ही तकनीकी संबंधी संपूर्ण कार्य अपने निर्देशन में नियत स्थान पर उपस्थित रहकर ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी की एफएलसी कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे। एफएलसी हाल मे मोबाइल ले जाना पूर्णतः वर्जित है।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव तिवारी
प्राचार्य
शासकीय मॉडल उच्चतर माध्य.वि.
जनकपुर रोड जयसिंहनगर



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. राजेश तिवारी
BMO
सामुदायिक स्वास्थ केंद्र
समस्त स्टाफ, जैसीनगर



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री धर्मेंद्र द्विवेदी
प्रचार्य
शासकीय महाविद्यालय
समस्त स्टाफ, जयसिंहनगर



# चोरी करते पकड़े जाने पर टांगी से हमले का प्रयास

## कालरी मैनेजमेंट ने खैरहा थाना में की शिकायत, कार्यवाही की मांग

### चोर मोबाइल वीडियो में हुआ कैद,अब पुलिस कसेगी चोरों पर नकेल

धनपुरी।

शुक्रवार 26 जनवरी को जब पूरा देश गणतंत्र दिवस मान रहा था उसे समय दिन में लगभग 3:16 बजे राम रहीस उर्फ भूरा आत्मज मूरत पटेल ग्राम खन्नाथ खैरहा भूमिगत खदान के मेगजीन के पास लोहा चोरी करते हुए पाया गया, उसी वक्त सुरक्षा प्रभारी श्री शिव शंकर द्विवेदी मौके पर पहुंचते है तभी उसने चोरी किए गए लोहे को पानी में फेक दिया।

### वीडियो में खोली चोर की पोल

सुरक्षा गार्ड से अभद्र व्यवहार एवं गाली गलौज करने लगा।



यह देखते हुए सुरक्षा प्रभारी ने विडिओ बनाने की कोशिश की तो राम रहीस उर्फ भूरा ने सुरक्षा प्रभारी पर टाँगी से हमला किया जिस दौरान सुरक्षा प्रभारी बाल- बाल बचे और निरंतर उन्हें जान से मारने की धमकी देता रहा जो की सुरक्षा प्रभारी के द्वारा बनाए गए विडिओ में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

### चोरी पर उठ रहे सवाल

खैरहा भूमिगत मांइस में आए दिन खदान मे चोरी से कालरी प्रबंधन इतना परेशान हो गया कि चोरी के चलते खदान के महत्वपूर्ण कार्य ना होने के चलते कोयला उत्पादन प्रभावित हो रहा है ।आए दिन केवल ,कीमती आट्र्स की चोरी से प्रबंधन को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है खदान में इस तरह से आए दिन अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी होने पर कार्य प्रभावित होने से कोयला उत्पादन और टारगेट कैसे पूरा होगा,अगर चोरी पर अंकुश न लगा तो भविष्य मे खदान बंद करने की नौबत आ सकती है

### जान जोखिम में

खैरहा भूमिगत खदान के खान प्रबंधक एवं उप क्षेत्र प्रबंधक द्वारा थाना खैरहा को भेजी गई शिकायत में उल्लेख किया गया है कि उसी वक्त अशोक रजक गार्ड भी मौके पर पहुंच गए, जिसे देख राम रहीस उर्फ भूरा ने हमला बंद कर दिया नहीं तो इस हमले में सुरक्षा प्रभारी की जान भी जा सकती थी।

### जान माल का खतरा

खान प्रबंधक ने जानकारी देते हुए थाना प्रभारी से मांग की है कि उक्त प्रकरण में उचित कार्यवाही करें जिससे खान के जान माल की सुरक्षा की जा सकें और दोबारा इस तरह के कृत्य को भी रोका जा सके।

# घुनघुटी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत

## दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ली भाजपा की सदस्यता



बिरसिंहपुर पाली।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव शर्मा जी के जिला प्रवास के दौरान घुनघुटी में आत्मीय स्वागत बैण्ड बाजो और पटाखों की गड़गड़ाहट के साथ किया गया । विदित होवे कि घुनघुटी ग्राम पंचायत में आज प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुश्री ज्ञानवती सिंह के अगुवाई में आत्मीय स्वागत करते हुए ज्ञानवती सिंह ने शाल श्रीफल भेंटकर प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत किया ।इस दौरान जिलाध्यक्ष उमरिया दिलीप पांडे , सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, संतोष लोहानी , एवं वरिष्ठ नेताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया ।घुनघुटी के स्वागत कार्यक्रम में ग्राम पंचायत घुनघुटी की सरपंच श्रीमती सिरातिया बाई, चांदपुर सरपंच गेंनती बाईं, जनपद सदस्य पूनम बैगा , जनपद सदस्य धूप सिंह, के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्र दत्त शिवहरे, अशोक नायक पवन मिश्रा, अमृत लाल जयसवाल, पूर्व जनपद सदस्य के मनोज मिश्रा,नीलेन्द शुक्ला ग्रामीण मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष, नाहर सिंह, ,महेंद्र सिंह , सुखवीर सिंह, कल्लू केवट, रवि यादव पारस कोल , सुरेश शिवहरे, सफाद खान , श्रेष्ठ शिवहरे, सतीष यादव, अशोक नायक, प्रदीप खांडे, रमेश कुशवाहा,छोटेलाल बैगा पूर्व सरपंच,उमेश जयसवाल,के साथ सैकड़ों वरिष्ठ नेताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया ।इस अवसर पर महिलाओं की उपस्थिति सराहनीय रही। प्रदेश अध्यक्ष के इस अल्प प्रवास के दौरान चांदपुर सरपंच श्रीमती गेंनती बाईं , पूर्व सरपंच छोटेलाल बैगा ,अकाली बैगा,दयाराम बैगा के साथ लगभग दर्जन भर साथियों के साथ कांग्रेस की सदस्यता से त्यागपत्र देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।




# लीनेस क्लब बुढार का हल्दी कुमकुम कार्यक्रम सम्पन्न

## श्रंगार का सामान देकर की मंगल कामना

### लीनेस क्लब बुढ़ार ने राम राज्य उत्सव का आयोजन किया

धनपुरी।

लीनेस क्लब बुढार की बहनों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें श्रंगार की सामग्री देकर मंगल कामना की गई।

साथ ही अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद सभी लीनेस बहनों ने बड़े भक्तिमय भाव से प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना की और भजन कीर्तन एवं दीप जलाकर बड़े ही खुशी और भक्तिभाव से राम राज्य उत्सव को मनाया। और अपने घरों में भी दीप जलाए।इस कार्यक्रम में लीनेस अध्यक्ष अर्चना ओझा, सचिव अंजू दुआ, कोषाध्यक्ष शैला गुप्ता, आशा अग्रवाल,साधना अग्रवाल,रजनी जैन, प्रतिमा जैन, बिंदा भगत, मोनिका अग्रवाल, नागमणि मानिकपुरी ,ज्योति सिंह बघेल, अंजली मिश्रा की उपस्थिति रही।

# गार्गी पब्लिक स्कूल मे हर्षोल्लाह व रंगारंग कार्यक्रम के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस





रीवा।

जिले सेमारिया रोड में शार्किंग गार्डन के आगे डीपीएस मोड में स्थित गार्गी पब्लिक स्कूल मे बड़े ही हर्षोल्लाह रंगारंग कार्यक्रम के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि अनूप श्रीवास्तव रहे ! स्कूल की प्राचार्य श्रीमती माला श्रीवास्तव ने भारत की आन बान शान तिरंगे का ध्वजारोहण कर सलामी दी इसके बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का आगाज किया गया इसके बाद छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति एवं भारत की लोकतांत्रिक भावना से ओतप्रोत एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी इस दौरान मंच का संचालन स्कूल की अध्यापिका पूजा तिवारी ने किया प्राथमिक विभाग के नन्हे मुन्ने कलाकारों ने यातायात नए नियमों को लेकर एक मनमोहक प्रस्तुति दी वही पांचवी विभाग के छात्रों ने स्वच्छ भारत मिशन को लेकर प्रस्तुति ने उपस्थित अभिभावकों को भावविभोर कर दिया देशभक्ति गाने में सुंदर नृत्य ने सभी की वह वाही लूटी छात्राओं ने अपने भाषण में भारत की सौर शक्ति पराक्रम समृद्धि विरासत और भारत के आधुनिक उपलब्धि पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला वही मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बताया भारतीय संविधान की विशेषताओं नियम और कर्तव्य देश के सभी एक समान व्यवस्था प्रदान करता है यही हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती है कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं को मिष्ठान फल एवं स्नेक्स वितरित किया गया ! इस महापर्व के अवसर पर सभी शिक्षक व शिक्षिका सहित अभिभावक गण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

# प्रखर सोनोग्राफी सेंटर संचालक द्वारा मरीजों से मनमौजी ढंग से वसूले जाते हैं पैसे

रीवा।

गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों ने संचालय पर लगाया गंभीर आरोप डॉक्टरों की सलाह के बाद सोनोग्राफी के लिए प्रखर सोनोग्राफी सेंटर ही भेजते है लेकिन सेंटर में संचालक और डॉक्टरो का एक बड़ा षड्यंत्र होता है श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के सामने स्थित प्रखर सोनोग्राफी सेंटर के संचालक मरीजों से मनमानी ढंग से पैसे वसूल रहा है जहां एक ओर तरफ प्रदेश के यशस्वी उपमुख्यमंत्री रीवा विधायक राजेंद्र शुक्ला रीवा को मेडिकल हब बनाने के लिए प्रयासरत्न है वही दूसरी ओर ऐसे डॉक्टर व सोनोग्राफी संचालक मिली भगत करके रीवा का नाम बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है मिली जानकारी के अनुसार गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीज परेशान होकर डॉक्टर कॉलोनी में डॉक्टरों को दिखाते हैं डॉक्टरों द्वारा जबरदस्ती प्रखर सोनोग्राफी संचालक से सेटिंग बनाकर सोनोग्राफी के लिए प्रखर




सोनोग्राफी सेंटर ही भेजते हैं इसके बाद सोनोग्राफि संचालक द्वारा परेशान मरीजों से मनमानी ढंग से पैसा वसूले जाते है संचालक परेशान मरीजों की याथास्थिति देखकर भरपूर शोषण करता है जिसका एक हिस्सा डॉक्टरों को भी जाता है वही संचालक द्वारा मरीजों की गलत सोनोग्राफी रिपोर्ट बनाकर डॉक्टरों को निजी लाभ भी पहुंचाया जाता है सूत्रों की माने तो प्रखर सोनोग्राफी सेंटर मे भ्रूण लिंग परीक्षण जैसे अवैध गतिविधियां भी संचालित होती हैं यदि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच की जाए तो सच्चाई सामने आ सकती है।

देवतालाब विधायक गिरीश गौतम एवं कलेक्टर मऊगंज ने किया शुभारंभ

# मऊगंज जिले में बिकेगा गोबर 2 रूपये किलो




मऊगंज ।

जिले के समीप पथरिया गांव में एक प्लांट लगाया गया है। जहां गोबर की खरीदी करके पशु मालिकों को 2 रूपये प्रति किलो गोबर के हिसाब से पैसे दिए जाएंगे। इसकी शुरुआत देवतालाब विधायक गिरीश गौतम एवं कलेक्टर अजय श्रीवास्तव की उपस्थिति में किया गया ।गोबर प्लांट लगाने वाली एजेंसी के लोगों ने इस संबंध में बताया कि पथरिया गांव से 30 किलोमीटर क्षेत्र में गोबर की खरीदी करना तय किया गया है यहां के पशुपालक अपने मवेशी का गोबर बिक्री कर सकेंगे।उन्होंने बताया कि जो पशुपालक उनके प्लांट में गोबर लेकर आएंगे उनको ट्रांसपोर्टिंग चार्ज के साथ दो रुपए प्रति किलो गोबर के हिसाब से पैसे दिए जाएंगे,और पशु मालिक अपनी गौशाला से गोबर की बिक्री करेंगे उसके लिए गौशाला में जाकर गोबर की खरीद 2 रूपये किलो किया जायेगा।

### रोजगार के अवसर तैयार होंगे

गोबर प्लांट लगाए जाने एवं पशु मालिकों के गोबर की खरीदी किए जाने से जहां मऊगंज क्षेत्र के लोगों को इससे रोजगार के अवसर तैयार होंगे, और उन्हें अपने मवेशी के गोबर का पैसा मिलेगा और वहीं क्षेत्र में आवारा मवेशियों के चलते खराब हो रही।

# रीवा जनपद पंचायत के सदस्यों ने अध्यक्ष संगीता यादव के विरुद्ध खोला मोर्चा

### आयुक्त रीवा संभाग से पदच्युत करने एवं भ्रष्टाचार की जांच कराने की मांग

रीवा ।

जनपद अध्यक्ष संगीता राजेश यादव की तानाशाही, गैर कानूनी नियम विरुद्ध किये जाने बाले कार्यो को लेकर जनपद पंचायत रीवा के 25 सदस्यों में 22 सदस्यों ने मोर्चा खोलते हुये आयुक्त रीवा संभाग रीवा को ज्ञापन पत्र जनपद सदस्य श्रीमती रूपा सी.पी.सिंह के नेतृत्व सौपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि जनपद निधि, 15वां वित्त, राज्य वित्त आयोग की राशि विना जनपद



सदस्यों के अनुमोदन के राशि वितरण में भारी पैमाने में भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी की गई है, साथ ही सामान्य प्रशासन एवं सामान्य सभा की बैठक दिनांक 24.1.2024 को रखी गई थी जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रीवा अस्वस्थ होने के कारण अपने पत्र क्रमांक 1950 दिनांक 23.1.2024 को पत्र जारी कर उक्त बैठक को श्रीमती सुरभि दुवे खण्ड पंचायत अधिकारी को करने हेतु अधिकृत किया। जिसके परिपालन में उक्त दिनांक को 18 जनपद सदस्य सहित विधायक प्रतिनिधि सेमरिया उपस्थित हुये। श्रीमती सिंह ने आगे बताया कि जनपद अध्यक्ष श्रीमती संगीता राजेश यादव एवं उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता द्विवेदी अनुपस्थित रही।

## खबर संक्षेप



### गणतंत्र दिवस समारोह धुमधाम से खम्हरिया हायर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया

**बुढ़ार।** विगत दिनों गणतंत्र दिवस समारोह हायर सेकेंडरी स्कूल खम्हरिया में एस एम डी सी अध्यक्ष बैजनाथ सिंह ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को नमन किया। खम्हरिया स्कूल के छात्र छात्राओं के द्वारा गणतंत्र दिवस पर्व के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी, साथ लोकगीत, छत्तीसगढ़ी नृत्य, नाटक, भाषण देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय,तूतीय छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इसी दौरान विधालय के 10,12 वी के मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अभिषेक तिवारी, लल्ला सिंह, शिवनारायण, पुरुषोत्तम प्रताप, शिक्षिका सुश्री आलाशा, रजनी सिंह,राजू केरकेउथ, राकेश पटेल सहित भारी संख्या में विद्यालयीन छात्रों की उपस्थिति रही।

कलरी स्टॉप क्लब में

### एटक यूनियन का क्षेत्रीय सम्मेलन आज



**धनपुरी।** संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) सोहागपुर का क्षेत्रीय सम्मेलन 30 जनवरी को सुबह 10 बजे से स्टाफ क्लब धनपुरी में केंद्रीय अध्यक्ष कामरेड अजय विश्वकर्मा, केंद्रीय महासचिव कामरेड हरिद्वार सिंह, केंद्रीय उप महासचिव कमरेड नागेंद्र की उपस्थिति में आयोजित किया गया है। सोहागपुर एरिया के एटक अध्यक्ष/सचिव रावेन्द्र शुक्ला, राजेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में जुहिला,हसदेव,जमुना-कोतमा एरिया के क्षेत्रीयअध्यक्ष एवं क्षेत्रीय सचिव की आने की जानकारी है। सम्मेलन में संगठन की कार्यशैली पर चर्चा होगी एवं आने वाले समय में संगठन की गतिविधियों पर भी चर्चा की जाएगी सम्मेलन में नई समिति का गठन किया जाता है।

### सडक़ निर्माण कार्यो की गुणवत्ता के लिए टीम गठित

**रीवा।** लोक निर्माण विभाग द्वारा सडक़ निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किये जाने की शिकायतें आलोक में आती है। ठेकेदार से लेकर इनपैलन एसक्यूएम के साथ ही आला अधिकारियों पर छीटे लगते है। हाल ही में तो अवधिया कन्सलेटीसी एंड टेस्टिंग लैब सुर्खियों में रहा, जिसकी शिकायत उच्च स्तर पर भी गई है। जिसमें बताया गया कि उक्त टेस्टिंग लैब के डायरेक्टर ने कूटरचित तरीके से इनपैनल हासिल की है। फिलहाल मामला जो भी हो प्रमुख सचिव भोपाल ने सेनि. मुख्य अभियंता की टीम गठित कर रीवा संभाग सडक़ निर्माण की गुणवत्ता का निरीक्षण करने भेजी है। टीम में सेनि. मुख्य अभियंता खेमचंद अहिरवार को अनूपपुर एवं उमरिया जिला, प्रमोद कुमार घोष को सतना जिला, अनिल कुमार सिंघाई को शहडोल जिला, महेंद्र पाल सिंह को रीवा जिला, मनोज पौराणिक को सीधी जिला एंव नवीन कुमार को सिंगरौली जिले में बनी हुई सडक़ो की गुणवत्ता का निरीक्षण किये जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बात की खबर जैसे ही लोनिवि के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ ही ठेकेदारों एवं इनपैनल एसक्यूएम के बीच फैली तो लोग अपनी-अपनी ताकत का इस्तेमाल करने में जुट गये।

### रॉकी मौत कांड के विभागीय जांच में दो की गवाही निकली थी फर्जी

**रीवा।** रॉकी मौत कांड की कहानी परत-दर-परत खुल रही है, यदि एडीजीपी ने आरोपित पुलिस कर्मियों को सजा नहीं सुनाई होती तो विभागीय जांच की असलियत निकल कर सामने नहीं आती। मारपीट के आरोपित पुलिस कर्मियों के विरूद्ध एसपी सतना आशुतोष गुप्ता ने विभागीय जांच की। विभागीय जांच में आरोपित पुलिस कर्मियों के विरूद्ध 6 गवाहों को तलब किया गया था।

## खबर संक्षेप



### नगर परिषद की तत्परता से आग पर पाया काबू

**अमरकंटक।** कन्या शाला अमरकंटक वार्ड क्रमांक 4 में आज सुबह कूड़े में आग लगाने के कारण पास में बाड़ी में आग लग गई, जिसने भयावह रूप ले लिया। नगर परिषद अमरकंटक फायर ब्रिगेड को सूचना देने पर तुरंत फायर ब्रिगेड घटना स्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया और कोई भी जनधन की हानि नहीं हुई। विद्यालय परिसर के शिक्षकों ने बताया कि फायर ब्रिगेड के ड्राइवर शाहरुख खान ने फोन लगाने के तुरंत बाद ही पहुंचकर विद्यालय परिसर मे लगे आग पर काबू पा लिया।

### राजस्व वसूली के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**अनूपपुर।** वर्ष 2023-24 के राजस्व वसूली के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण किए जाएं। नक्शा, तरमीम, अनलिंक खसरा, डुप्लीकेट, अनलिंक नक्शा के प्रकरणों को प्राथमिकता में लेकर निराकृत किए जाएं। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में राजस्व अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने पीएम किसान सम्मान निधि के सभी लंबित प्रकरणों में समग्र का आधार से ई-केवायसी और खसरे की समग्र, आधार से लिंकिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री जन-मन योजना के तहत पीवीटीजी अंतर्गत जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने के प्रगति की समीक्षा की।

### कलेक्टर ने की टीएल बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित कार्यों की समीक्षा

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित कार्यों की कार्यवार समीक्षा करते हुए निराकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। समय-सीमा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने 7 फरवरी को सिकलसेल रोग के उपचार हेतु मेगा कैम्प आयोजित किए जाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने 30 वर्ष से ज्यादा उम्र के लोगों के बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने कार्ययोजना बनाकर जिले के शत-प्रतिशत दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अमरकंटक में प्रसादम योजना के तहत किए जा रहे विकास कार्यों एवं बनाए जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के प्रगति के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और लाडली लक्ष्मी योजना की समीक्षा की। उन्होंने अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों के शत-प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त को दिए। उन्होंने जिला खनिज प्रतिष्ठान मद अंतर्गत किए जा रहे विद्युतीकरण कार्यों का अवलोकन करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने पशुपालन एवं मछली पालन विभाग की समीक्षा करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों के केसीसी कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के वित्तीय वर्ष 2023-24 अंतर्गत दिए गए लक्ष्य के अनुसार प्रकरणों के शत-प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आजीविका समूह की दीदी कैफे के साथ छात्रावासों का टाईअप करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कन्या शिक्षा परिसर जैतहरी के भवन निर्माण हेतु स्थल चयन करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के जिन स्थानों पर बिजली के तार ढीले हैं उन तारों को व्यवस्थित कराया जाए।

---

सांठ-गांठ मे माहिर खाकी और जुआरी

# जिले में जुआरियों की आमद शुरू

**अनूपपुर/कोतमा।** जिला मुख्यालय सहित भालूमाड़ा, कोतमा थाना क्षेत्र में जुआरी सक्रिय हो गए हैं। नगर सहित हर गांवों में जुआरियों का कारोबार शुरू हो चुका है। धन दुगुना करने यानी जुआं में दांव लगाने वालों की संख्या नगर सहित गांवों में कई ठिकानों पर खुलेआम देखी जा रही है।

### नगर सहित गांवो में हो रहा लाखों का जुआ

सूत्रों की माने तो ऐसे लोगों पर शिकंजा कसने की बजाए पुलिस उल्टे सेटिंग में लगी हुई है। भालूमाड़ा कोतमा थाना क्षेत्र के नगर सहित गांवों में लाखों का जुआ हो रहा है। जुआ खिलाने वालों का गैंग पूरी तरह से कमर कसकर तैयार हो चुका है। सूत्रों की माने तो जुआ खिलाने वाले गैंग पुलिस से सेटिंग कर महीना बंधाने का संपर्क भी कर चुके हैं।

### छत्तीसगढ़ से पहुंच रहे जुआरी

कोयलांचल के भालूमाड़ा थाना क्षेत्र के दुआरी बाबा पाली गांव के पहाड़ में एवं बदरा पेट्रोल पंप के पास गौशाला में श्रमिक नगर के साथी जुआ माफिया एवं रोजगार सहायक एवं कई कर्मचारी तथा कोतमा नगर का साथी जुआ माफिया की जोड़ी के द्वारा लाखों का जुआ खिलवाया जा रहा है। कोयलांचल क्षेत्र में जहां जहां फड़ संचालित होता है वहां बड़ी संख्या में दांव लगाने युवा पहुंचते हैं। कोयलांचल के फड़ में मनेंद्रगढ़, केल्हारी, कोतमा और अन्य जगह के जुआरी बाइक और चार पहिया वाहन में पहुंचते हैं। बाइक वाले जुआरी तो अपनी बाइक सीधे मौके पर ले जाते हैं। फोर व्हीलर वाले जुआरियों को जंगल के पास छोड़कर वाहन वापस लौट जाता है।

### मोबाइल के इशारे पर पूरा काम

विश्वस्त सूत्रों की माने तो जंगल के मुहाने से लेकर मौके तक तकरीबन आधा दर्जन वॉचमैन तैनात रहते हैं जो जुआ खिलाने वाले को मोबाइल पर लाइव सूचना करते है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के जंगल में



छत्तीसगढ़ से पहुंच रहे जुआरी, अड्डे मे मिलती खाने पीने सहित तमाम सुविधा

घुसने की ताजा जानकारी जुआ संचालक को मोबाइल पर उपलब्ध हो जाती है। दिलचस्प बात यह है कि वॉचमेन अपने हर जुआरी ग्राहकों को पहचानता है। बिना पहचान का व्यक्ति जंगल के अंदर घुसते ही जुआरी तितर बितर हो जाते हैं।

### खाने पीने सहित तमाम सुविधा

एक चर्चित जुआरी ने नाम न छापने की शर्त में बताया कि जुआ अड्डे में जुआरियों के लिए सारी व्यवस्थाएं रहती हैं। नानवेज खाने वाले को मटन, चिकन भी मौके पर ही उपलब्ध कराया जाता है। भोजन के बदले जुआरियों को कीमत अदा करनी पड़ती है। मौके पर गुटखा, पाउच और शराब भी उपलब्ध होता है। विश्वस्त सूत्रों की माने तो जुआरी अगर मौके पर जुआ में पैसे हार जाता है तो उसे साहूकार ब्याज में पैसे भी उपलब्ध करा देता है। बताया जाता है कि जुआरी को 10 प्रतिशत प्रति दिन के हिसाब से यहां ब्याज पर पैसा मिलता है। साहूकार अपने परिचित को बिना किसी सामान के पैसे उपलब्ध करा देता है, लेकिन अपरिचित को वाहन या अन्य सामान गिरवी रखना पड़ता है।

### संभ्रांतों ने की कार्यवाही की मांग

अभी कुछ दिनों पूर्व भालूमाडा पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे जुए के वीडियो पर श्रमिक नगर के जुआ माफिया से सांठ गांठ करते हुए दिखावे के लिए जुआ की कार्रवाई की थी, लेकिन फिर से यह जुआ माफिया सक्रिय हो गया और खुलेआम जुआ खिलाया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी थाना प्रभारी को ना हो लेकिन सब सेटिंग का खेल चल रहा है वही कोतमा थाना अंतर्गत नगर के पुरानी बस्ती पीपल चौक के पास एवं वार्ड क्रमांक 1 भट्टी टोला एवं दफाई टोला में रात्रि में खुलेआम जारी की भीड़ देखी जा सकती है। दो दिन पूर्व मोहल्ले के ही संभ्रात व्यक्ति के द्वारा कोतमा थाना प्रभारी को फोन पर जुआ होने की सूचना भी दी और यह भी बताया कि जुआ माफिया के द्वारा रात भर जुआ खिलाया जाता है और गाली गलौज भी की जाती है जिससे मोहल्ले वालों का जीना हराम है। लोगों ने संभाग के उप पुलिस महानिदेशक डीसी सागर से जुआ फड़ में छापामार कार्यवाही करवाने एवं भालूमाडा एवं कोतमा थाना प्रभारी को यहां से हटकर अन्यत्र जगह भेजने की मांग की है। नगर में जन चर्चा का विषय बना हुआ है कि जब से दोनों थानों में यह थाना प्रभारी ने प्रभार लिया है कब से अपराध का ग्राफ बढ़ गया है।

---

# गरीबों के घर में ग्रहण बन रही शराब, जिम्मेदारों ने मूंदी आंख

**होटल ढाबों में बिठाकर शराब पिलाने की वीआईपी व्यवस्था**

**कोतमा।** थाना क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार बेधड़क किया जा रहा है। जिसमें पुलिस और आबकारी अधिकारी की सहभागिता से इंकार नहीं किया जा सकता है। अधिकारियों के संरक्षण में अवैध शराब का कारोबार दिन प्रतिदिन फल-फूल रहा है। रसखूदारों नेताओं का भी इन लोगों को संरक्षण प्राप्त होने से शराब ठेकेदार अवैध शराब का कारोबार पुलिस की मिलीभगत से गांव-गांव में कर रहे हैं। सुबह से लेकर रात तक नगर और क्षेत्र में अवैध शराब की सप्लाई बेधड़क की जा रही है।

### गरीबों के घर में ग्रहण बन रहा शराब

थाना क्षेत्र के गांवों में खुलेआम अवैध शराब का धंधा चल रहा है। पुलिस और आबकारी विभाग की ठेकेदारों से मिलीभगत से यह अवैध धंधा जोरों पर है। इस कारण आए दिन क्षेत्र के ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई गांवों में देशी और अंग्रेजी शराब गांव में रहने वाले कुछ लोगों के द्वारा घरों से खुलेआम बेंच रहे हैं। इस ओर पुलिस प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। पुलिस की लापरवाही से ग्रामीणों में रोष है। उनका कहना है शराब के कारण घरों में अशांति फैल रही है। कई बार अधिकारियों को शिकायत पत्र भी दिया, लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती।

### खानापूर्ति में जुटे जवाबदार

थाना क्षेत्र के नगर से लेकर गांवों तक शराब का



कारोबार खुलेआम धड़ल्ले से हो रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस प्रशासन सब कुछ जानते हुए भी इससे अनजान बने रहने की कोशिश कर रहे है। कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया जाता है।

### गांवों में खुलेआम बिक रही शराब

क्षेत्र के गांवों-कस्बों में अवैध शराब का कारोबार इस कदर बढ़ गया है कि खुलेआम चाय,पान,किराना दुकानों पर शराब बेची जा रही है। कोतमा, केवई बेरियल, सेमरिहा चौक, निगवानी, बुढानपुर लामाटोला, गढी देवगवां, लोड़ी, सहित अधिकतर गांवों में अवैध शराब खुलेआम बेची जा रही है।

### होटल ढाबों मे बिठाकर शराब पिलाने की वीआईपी व्यवस्था

नगर में अंग्रेजी शराब की बिक्री के लिए अधिकृत ठेके हैं, मगर नगर सहित आसपास के दर्जनों होटल ढाबों में अवैध शराब खुलेआम बिक रही हैं। नगर के कई होटल व ढाबों में अवैध ठेके खोल दिए गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग सहित नगर के सड़क किनारे अवैध दुकानें खोल दी गई हैं जहां 24 घंटे शराब बेची जा रही है। इसके चलते अब लोग अफसरों की भूमिका पर सवाल उठाने लगे हैं। फिर भी क्षेत्र के जवाबदार प्रशासनिक अधिकारियों ने मौन साध रखा है।

### होटल ढाबे बने मयखाने

नगर व आसपास के कई होटल व ढाबे मयखाने बन गए हैं,जहां ना सिर्फ खुलेआम शराब बेची जा रही है,बल्कि बैठ कर पीने की खास व्यवस्था है। भोजनालय तो कहीं रेस्टारेंट का बोर्ड लगाकर शराबियों की बैठक कराई जा रही है। इन स्थानों पर शराब तक सप्लाई हो रही है। शराब के साथ खाने-पीने की हर चीज भी उपलब्ध है। नगर के होटल ढाबों में इन दिनों खुलेआम शराब परोसी जा रही हैं जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए खानापूर्ति करने में जुटे हैं।

---



# प्लास्टिक का उपयोग बंद कर पर्यावरण का करें संरक्षण: सीसीएफ

### राजारानी में छात्रों की उपस्थिति में अनुभूति कार्यक्रम सम्पन्न

**अनूपपुर।** जिले के सीमा के अंतिम छोर के वन परिक्षेत्र अहिरगवा के गिजरी गांव में स्थित राजारानी नामक प्राकृतिक एवं धार्मिक स्थल पर पडमनिया एवं गिजरी के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वन वृत शहडोल के मुख्य वन संरक्षक एलएल उईके ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को प्लास्टिक से बने सामानों का उपयोग पूर्णतः बंद कर पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने प्राकृतिक छाता के रूप में कार्य कर रहे वन्यप्राणी बाघ की तरह सभी को संरक्षण प्रदान करने की बात कही। इस दौरान क्षेत्र की जनपद सदस्य श्रीमती जीराबाई सिंह ने बच्चों को स्वस्थ वातावरण बनाए रखने हेतु वनों को काटने से रोकने का आह्वान किया, एसडीओ वन राजेंद्रग्राम प्रदीप कुमार खत्री ने बच्चों को मैं भी बाघ के थीम पर इस वर्ष आयोजित अनुभूति कार्यक्रम में बाघ के कार्य,व्यवहार एवं खाद्य श्रृंखला के संबंध में अवगत कराते हुए मैं भी बाघ का नारा एवं गीत गवाया गया। इस दौरान परिक्षेत्र अधिकारी अहिरगवां अजेंद्र सिंह ने बच्चों को वन विभाग द्वारा किए जा रहे विभिन्न तरह के कार्यों के साथ वन सीमा प्रारंभ पर बनाए जाते मुनारा के संबंध में विस्तार से अवगत कराया छात्र-छात्राओं को वन भ्रमण दौरान वनों में पाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों एवं औषधि पौधों-पेड़ों की जानकारी, उनके औषधि गुणो के साथ प्रदान की गई। प्रेरक एवं अनूपपुर जिला मुख्यालय के सर्पप्रहरी शशिधर अग्रवाल ने जहरीले एवं जहरविहीन सांपों की पहचान उनसे बचाव एवं सांपों के काटे जाने पर तत्काल उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय में पीड़ति को ले जाने की बात कही। वन भ्रमण दौरान परीक्षेत्र सहायक जेपी साहू, रिचर्ड रेगी राव, एमपी सिंह, ओम प्रकाश धुर्वे ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों की पहचान करायी, वनरक्षक विनय कुमार ने वन, वन्यप्राणियों के संरक्षण के संबंध में गीत प्रस्तुत कर सभी को संरक्षण हेतु आगे आने का आह्वान किया। इस दौरान बच्चों को वन, वन्यप्राणियों एवं प्रकृति के संरक्षण एवं प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने के संबंध में शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम दौरान ग्राम पंचायत बड़ीतुम्मी सरपंच श्रीमती मंतीबाई सिंह, ग्राम पंचायत खरसोल सरपंच श्रीमती पार्वतीबाई, ग्राम वनसमिति पडमनिया अध्यक्ष श्रीमती बेलाबाई सिंह, वन परिक्षेत्र राजेंद्रग्राम के परिक्षेत्र अधिकारी शिवम कोष्टी, विद्यालय पडमनिया एवं माध्यमिक विद्यालय गिजरी के शिक्षक/शिक्षिका,विभिन्न वन बीटो के वनरक्षक, सुरक्षा श्रमिक एवं ग्रामीण जन सम्मिलित रहे।

---



# जायसवाल सामुदायिक भवन का विधायक ने किया भूमि पूजन

**10 लाख की लागत से बनेगा भवन**

**राजेन्द्रग्राम।** जिले के पुष्पराजगढ तहसील मुख्यालय अंर्तगत राजेंद्रग्राम में दुर्गा मंदिर परिसर में जायसवाल सामुदायिक भवन का भूमिपूजन कांग्रेस विधायक फुदेलाल सिंह मार्को ने किया। जिसका निर्माण विधायक निधि के 10 लाख रुपए से होगा। जायसवाल सामुदायिक भवन बनाने के लिए स्वीकृत पत्र जायसवाल समाज के अध्यक्ष संतोष जायसवाल, उपाध्यक्ष मोहन जायसवाल, सचिव सुरेश जायसवाल सौंपा गया। जिसका निर्माण राजेंद्रग्राम दुर्गा मंदिर परिसर में किया जाएगा। पुष्पराजगढ़ जायसवाल बाहुल्य क्षेत्र है। उनकी मांग को देखते हुए विधायक ने सामुदायिक भवन देने का निर्णय किया। विधायक फुन्देलाल मार्को ने कहा कि मैं जायसवाल समाज के लोगों के प्रति हमेशा समर्पित रहूंगा। आप लोगो के हर काम में आगे रहूंगा। आप लोगो को जब भी मेरी आवश्यकता पड़े 24 घंटे मेरा दरवाजा आप लोगों के लिए खुला है । कभी भी आए और आप अपनी समस्या बताएं मैं हर हाल आप लोगों की समस्या का समाधान करूंगा। इसी अवसर पर दुर्गा मंदिर परिसर में स्थापित हनुमान मंदिर के पुजारी हरिदास बाबा को 1 लाख 50 हजार रूपए हनुमान मंदिर में रंगमंच निर्माण भूमिपूजन कर स्वीकृत पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर जायसवाल समाज के अध्यक्ष संतोष जायसवाल, उपाध्यक्ष मोहन जायसवाल,सचिव सुरेश जायसवाल, आसाराम जायसवाल, दामोदर जायसवाल, अशोक जायसवाल, संदीप जयसवाल, किरगी पंचायत के सरपंच अर्जुन सिंह, उपसरपंच राजीव लोचन सिंह, सचिव फूलचंद मरावी पूर्व जनपद उपाध्यक्ष संतोष पांडेय सहित के जायसवाल समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

---

# प्रांतीय अध्यक्ष छत्रवीर तो प्रांतीय सचिव महेन्द्र त्रिपाठी निर्विरोध निर्वाचित

**मध्यप्रदेश शिक्षक संघ का प्रांतीय निर्वाचन सम्पन्न**

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ संभाग शहडोल के संभागीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बतया कि 27 जनवरी को प्रांतीय निर्वाचन हेतु अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष के लिए एक-एक पद तथा उपाध्यक्ष व सचिव के लिए छः-छः पद निर्धारित थे उक्त पदों हेतु सभी इच्छुक प्रत्याशियों द्वारा आवेदन भरे गए सभी प्राप्त आवेदनो की जांच कर उसी दिन वैध आवेदनो की सूची जारी की गई। प्रांतीय अध्यक्ष पद हेतु मात्र एक आवेदन डाक्टर छत्रवीर सिंह जी था शेष पदों हेतु उसी दिन रात्रि मे अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के संगठन मंत्री महेन्द्र कपूर के साथ सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं प्रांतीय पदाधिकारियों की बैठक मे सर्व सम्मती से सभी पदों हेतु नाम चयनित किया गया। दूसरे दिन सरस्वती शिशु मंदिर भोपाल मे शिक्षक संघ का उपवेशन संपन्न हुआ जिसमे निर्वाचन अधिकारी हिम्मत सिंह जैन द्वारा सभी निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई जिसमे प्रांतीय अध्यक्ष डाक्टर छत्रवीर सिंह राठौर भोपाल, महामंत्री राकेश कुमार गुप्ता सागर, कोषाध्यक्ष विनोद पुनी सहित संभाग शहडोल से प्रांतीय सचिव पद हेतु महेन्द्र कुमार त्रिपाठी जी को



निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। पूरे प्रदेश से संभाग, जिलों, ब्लॉक इकाइयों के प्रांतीय महासभा के प्रतिनिधि सहित अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी, सहित प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। उसी उपवेशन मे प्रांतीय प्रकोष्ठ की भी घोषणा की गई जिसमे शहडोल संभाग से अरुण कुमार मिश्रा को सेवा आयाम गुरु वंदन पर्यवारण प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया संभागीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को संभाग शहडोल की पूरी टीम को शुभकामनायें प्रेषित करते हुए संगठन को सभी के साथ मिलकर और ऊंचाईयो तक ले जाने मंशा व्यक्त किये। उक्त निर्वाचन मे सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किये शहडोल संभाग के तीनो जिलों से महासभा के सभी सदस्यो के प्रति भी आभार व्यक्त किये जो भोपाल पहुँच कर अपने संभाग को मजबूती प्रदान किये। उक्त निर्वाचन कार्यक्रम मे संभाग शहडोल से अरुण कुमार मिश्रा, महेन्द्र कुमार त्रिपाठी, अनिल कुमार सिंह, नरेन्द्र प्रसाद पटेल, विनोद सिंह, हरिहर सिंह, लाल जी तिवारी, विजय चतुर्वेदी, विष्णु प्रसाद मिश्रा, राम भुवन शुक्ला, ब्रज जायसवाल, रामभरोसे प्रजापति, अहिवरण सिंह, सत्यनारायण मौर्य, उमेद सिंह, विनोद शर्मा, हरिदास पटेल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।